झारखंड नेशनल फिल्म फेस्टिवल

चर्चा में क्यों?

1 नवंबर, 2023 को पूर्वी सिंहभूम के ज़िला मुख्यालय जमशेदपुर में झारखंड नेशनल फिल्म फेस्टिवल का चौथा संस्करण शुरू हुआ, जो 7 नवंबर तक चलेगा।

प्रमुख बिंदु

- फेस्टिवल के संरक्षक पूर्वी घोष ने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल में देश-विदेश से लगभग 200 फिल्में आईं, जिनमें से 60 फिल्में प्रदर्शन के लिये चुनी गईं। इन 60 फिल्मों को 7 दिनों के अंदर दिखाया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को फिल्म अवार्ड समारोह एक्सएलआरआई टाटा ऑडिटोरियम बिष्टुपुर में आयोजित किया जाएगा।
- अवार्ड समारोह में बॉलीवुड की अदाकारा व 'राम तेरी गंगा मैली' की अभिनेत्री मंदाकिनी और झारखंड के लोकगायक पद्मश्री मुकुंद नायक भी मौजूद रहेंगे।
- सिने अवार्ड समारोह में बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर व बेस्ट ऐक्ट्रेस पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। इस दौरान ट्राइबल फैशन शो का आयोजन होगा। इसमें झारखंड की आदिवासी बालाएँ पारंपरिक आउटफिट में रैंप पर कैटवॉक करेंगी। वहीं, झारखंड के सिने कलाकारों को भी महोत्सव में मंच साझा करने का मौका मिलेगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-national-film-festival